बुड़ैल जेल में कैदियों के बनाए फर्नीचर का क्या कहना

सीआईआई मेला सेक्टर- 17 कैदियों द्वारा शिद्दत से तैयार किए फर्नीचर और खाने के सामान को किया जा रहा है बेहद पसंद

अमर उजाला ब्यूरो

चंडीगढ़। संडे का मौका और सीआईआई का मेला। ऐसे में शॉपिंग क्रेजी सिटी के लोग जब सेक्टर- 17 आयोजित फेयर में उमड़े तो यहां जाम लग गया। एक ओर शापिंग की जद्दोजेहद और दूसरी ओर कारों की पार्किंग का अपर्याप्त इंतजाम। ऐसे में शापिंग तो हुई पर जरा मुश्किल से। चंडीगढ़ फेयर में शापिंग क्रेजी लोगों के लिए तरह-तरह के प्रोडक्ट्स हैं। इसमें से एक है बुड़ैल जेल के कैदियों द्वारा तैयार फर्नीचर और खाने का सामान। कैदियों द्वारा तैयार किया गया इस सामान को यहां खूब माइलेज मिल रहा है। स्टाल पर मौजूद एक सदस्य ने बताया कि कैदियों ने यह प्रोडक्ट्स शिद्दत के साथ तैयार किए हैं। इसमें फर्नीचर को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। सदस्य के अनुसार वास्तव में कैदियों को सजा के दौरान ही यह सामान बनाने के लिए दिया जाता है, जिससे उनमें क्रियाशीलता रहे।

पार्किंग कम पड़ी : रविवार होने के कारण मेले में चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली और अन्य स्थानों से लोग आए थे। जिसकी वजह से यहां कार की पार्किंग कम पड़ गई। लोगों ने काफी दूर अपनी कारों को खड़ा किया और उसके बाद शापिंग की। उसके साथ ही कारों का लंबा जाम यहां लगा रहा।

रविवार के चलते मेले में खरीदारी के लिए उमड़ी जबरदस्त भीड़। -अमर उजाला

बुड़ैल जेल के कैदियों द्वारा बनाए गए सामान को देखतीं महिलाएं व अन्य लोग। -अमर उजाला

हाथ से पेंट दुपट्टा ले गया दिल...

चंडीगढ़ के सेक्टर- 17 परेड ग्राउंड में स्टेट्स ऑफ इंडिया पेवेलियन में प्रदर्शित पश्चिम बंगाल के इंटरेस्टिंग हैंडीक्राफ्ट को लोगों ने काफी पसंद किया। इसमें हाथ से पेंट दुपट्टा सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। हाथ से पेंट दुपट्टा और सूट को लोगों ने बहुत पसंद किया। इस स्टाल में कुर्तियों की कीमत 600 से 900 रुपये के बीच में थी। पश्चिम बंगाल एक्सपोर्ट प्रमोशन सोसायटी के अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के कृष्णा नगर जिले से आए कलाकारों ने कलाई मिट्टी से बनी मानव आकृति वाली डॉल, भगवान की मूर्तियां और महान पुरुषों की आकृतियां बनाई हैं। मेले में 50 से लेकर पच्चीस सौ रुपए के बीच के तांबे से बने आभूषण भी सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। डोकरा से बने गहने मेले में सबसे ज्यादा बिक्री वाले उत्पादों में शामिल रहे।

क्रेजी किया रे... कलाकृतियों संग फोटो खिंचवाते बच्चे व अन्य।

उत्तराखंड की हैंडलूम और हैंडी क्राफ्ट ने सबको अपना दीवाना बनाया

यहां उत्तराखंड के स्टाल्स ने खूब भीड़ खींची। हैंडलूम और हैंडी क्राफ्ट वस्तुओं की विशेष कारीगरी ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। यहां उत्तराखंड का विशेष ऊनी कोट भी था। जिसकी खूबी थी कि उसे भेड़ की ऊन से तैयार किया गया। इसके साथ ही यहां शाल, स्वेटर, जैकेट, मफलर की खूब मांग रही। जिनकी कीमत 900 से 15000 रुपये के बीच है। इनके साथ ही बच्चों के लिए उत्तराखंड के ट्रेडिशनल हैंडीक्राफ्ट वाली कुर्ती वेट ड्रेस आगंतुकों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। मेले का एक कार्नर अनाज, दालें, गेहूं का आटा, अनाज, मसाले, खाद्य तेल, जड़ी बूटियों और कार्बनिक चाय की विभिन्न किस्मों से भरा रहा। स्टॉल के प्रतिनिधि संजीव बिष्ट ने बताया कि लोग पहाड़ी क्षेत्र में पैदा होने वाले आर्गेनिक अनाज को बहुत ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

Amar Ujala Dt:29-10-2018

2 burglars held for house thefts

Jewellery, laptops, other valuables recovered from them

TRIBUNE NEWS SERVICE

CHANDIGARH, OCTOBER 28

The police have arrested two burglars who had committed two house thefts in the past few weeks.

Gold jewellery, two laptops and other valuables, including a high-end watch, were recovered from the suspects. They have been identified as Jitender, a resident of Vikas Nagar, Mauli Jagran, and Sumit, alias Gyani, a resident of Sector 52.

Criminal past

Sumit has 12 cases, including theft, snatching and burglary, registered against him, while Jitender has six.

A team of the Sector 36 police station led by Inspector Ranjodh Singh, Station House Officer of the Sector 36 police station, arrested the suspects.

The police said both suspects were drug addicts. They used to look for locked houses and commit the crime at night.

Sumit has 12 cases, including theft, snatching and burglary, registered against him, while Jitender has six.

"Sumit was released from the jail around three months ago. Sumit and Jitender then decided to commit house thefts together," said a police official. The police said their accomplice was still absconding.